HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनाँक 21.03.2024

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में की गई समीक्षा बैठक

आज दिनांक 21.03.2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 व आगामी त्यौहार होली व रमजान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु चुनाव की तैयारियों के संबंध में श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर द्वारा डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार जिला कलेक्ट्रेट परिसर हमीरपुर में समीक्षा बैठक की गई। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद के संवेदनशील व अति-संवेदनशील मतदान केन्द्रों की संवेदनशीलता को सामान्य किये जाने हेतु योजना पर चर्चा की गई व समस्त थाना क्षेत्र के शस्त्रधारकों के शस्त्र जमा करायें जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा आगामी त्यौहार होली व रमजान को सकुशल सम्पन्न करायें जाने हेतु विभिन्न समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्ता कर आपसी सौहार्द बनायें रखने व पुलिस सहयोग करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में मा0 न्यायालय में लंबित चल रहें आपराधिक मामलों में एनबीडब्लू एवं अन्य अभियोग प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, समस्त अपर जिलाधिकारी हमीरपुर, समस्त उपजिलाधिकारी हमीरपुर, क्षेत्राधिकारीगण , जिला शासकीय अधिवक्तागण एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहें।